भारत सरकार

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय

भारी उद्योग विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2746

जिसका उत्तर मंगलवार, 09 दिसम्बर, 2014 को दिया जाना है

औद्योगिक मशीन टूल पार्क की स्थापना

2746. श्री बी. श्रीरामुलु:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार देश में औद्योगिक मशीन टूल पार्क स्थापित करने का है;

(ख) यदि हां, तत्संबंधी ब्यौरा और उद्देश्य क्या हैं;

(ग) क्या सरकार ने देश में प्रस्तावित पार्क की स्थापना के लिए किसी स्थान की पहचान की है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री

(श्री जी. एम. सिद्देश्वर)

(क): जी, हां।

(ख): भारतीय केपिटल गुड्स सेक्टर में प्रतिस्पर्धात्मकता वृद्धि संबंधी एक योजना भारी उद्योग विभाग द्वारा भारतीय राजपत्र में दिनांक 05.11.2014 को अधिसूचित की गई है। इस योजना का एक घटक उत्पादन के लिए एक पारिस्थितिक तंत्र उपलब्ध कराकर मशीन टूल सेक्टर को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के उद्देश्य से "एकीकृत औद्योगिक अवसंरचना सुविधा" की स्थापना करना है।

राजपत्रित अधिसूचना के अनुसार, परियोजना का ब्यौरा भारी उद्योग विभाग की वेबसाइट URL: http://dhi.nic.in पर उपलब्ध है।

(ग): जी, नहीं।

(घ): लागू नहीं।

******